**Dainik Bhaskar (Indore), 22nd November 2023, Page - 06**

# इसरो के पूर्व अध्यक्ष के सिवन ने किया ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का अभिषेक



ओंकारेश्वर| भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के सिवन मंगलवार को ओंकारेश्वर पहुंचे। भारत के मंगलयान मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक के सिवन की सुरक्षा के लिए ओंकारेश्वर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। उन्होंने ओंकार ज्योतिर्लिंग का अभिषेक-पूजन व दर्शन किया। मंदिर संस्थान की अतिथि पुस्तिका में उन्होंने अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया वे फिलहाल इंदौर में आईआईटी में सेवाएं दे रहे हैं।